(घ) यदि हां, तो दोनों देशों के बीच तनाव की प्रकृति/कारण क्या-क्या हैं ;

(ङ) क्या यह भी सच है कि 15 जुलाई, 1989 को अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग परिषद् द्वारा भारत पाक-संबंधों पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया था ; और

(च) यदि हां, तो इस गोष्ठी में किन-किन मुद्दों को उठाया गया था ?

विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० नटवर सिंह) : (क) से (घ) भारत और नेपाल के बीच 1950 में सम्पन्न भारत-नेपाल शांति एवं मैत्री संधि के आधार पर परम्परागत रूप से परस्पर अत्यन्त निकट और मैत्रीपूर्ण संबंध बने रहे हैं । भारत ने इस संधि को भाव और भाषा दोनों के अनुरूप ही निभाने की चेष्टा की है । दुर्भाग्य से विगत कुछ वर्षों के दौरान नेपाल के महामहिम की सरकार ने अनेक ऐसे कदम उठाए हैं जिनसे इस संधि की भावना और उसके निहित विषय को प्रायः प्रत्येक पक्ष से क्षति पहुंची है । इसके अतिरिक्त नई व्यापार संधि के प्रारूप के बारे में नेपाल की सरकार ने जो वचन लिये थे, उन्हें क्रियान्वित न कर पाने की वजह से भारत और नेपाल के बीच व्यापार और पारगमन संधियां 23 मार्च, 1989 को समाप्त हो गई हालांकि भारत सरकार ने इसे रोकने की हर मुमकिन कोशिश की। तब से व्यापार और पारगमन संधि के अभाव में भारत और नेपाल के बीच व्यापार "सर्वाधिक अनुकूल राष्ट्र" के आधार पर चल रहा है । नेपाल ने और भी ऐसे कई उपाय किए हैं जिनका भारत के साथ सामान्य व्यापार प्रवाह पर बुरा असर पड़ा है । इन बातों की वजह से और इनके साथ ही नेपाल को जिन बुनियादी आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है उनकी वजह से भी नेपाल में अनिवार्य चीजों की कमी हो गई है जिसकी वजह से नेपाल की जनता को जो परिणाम भुगतने पड़ रहे हैं, उनका अनुमान पहले ही लगाया जा सकता था। इस सबकी वजह से भारत और नेपाल के संबंध में कुछ तनाव आ गया है। भारत नेपाल के संदर्भ में अपने सभी अन्तर्राष्ट्रीय दायित्वों को पूरा कर रहा है तथा कई विशेष सुविधाएं देता रहा है और इनकी पेशकश की है ।

(ङ) और (च) जी, हां । इस गोष्ठी में भारत-नेपाल संबंधों के प्रायः सभी पहलुओं को उठाया गया था ।

Appointment of Outstanding Players in the Railways

2723. DR. MOHD. HASHIM KIDWAI: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) what are the names of outstanding players, sportsmen and athletes appointed by the Railways during the last five years alongwith names of posts held by them; and

(b) what are the details of steps taken by the Railway Ministry to encourage games, sports among the employees, and the details of achievements of players, sportsmen and athletes in their respective fields during the last three years?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI MADHAVRAO SCINDIA): (a) and (b) The information is being collected and will be laid on the Table of the Sabha.

Traffic potential of new B.G. line connecting Karur, Dindigul, Madurai and Tuticorin

2724. SHRI PASUMPON THA. KIRUTTINAN: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) what is the traffic potential estimated in the new broadgauge line connecting Karur, Dindigul, Madurai and Tuticorin; and